# यूपी को लगातार तीसरी बार लीड्स अचीवर अवार्ड

## लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन के लिए हासिल हुई यह उपलब्धि

**LUCKNOW (3 JAN):** लाजिस्टिक्स क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन के लिए उत्तर प्रदेश को लगातार तीसरी बार लाजिस्टिक्स ईज एक्रास डिफरेंट स्टेट्स (लीड्स) 2024 रैंकिंग में अचीवर स्टेट का खिताब मिला है. उत्तर प्रदेश ने इससे पहले वर्ष 2022 और 2023 में भी उत्कृष्ट लाजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए यह प्रतिष्ठित पुरस्कार जीता था.

### दिल्ली में हुआ समारोह

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित समारोह में सचिव औद्योगिक विकास व इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अभिषेक प्रकाश को स्टेट अचीवर अवार्ड प्रदान किया. पुरस्कार विभिन्न राज्यों में लाजिस्टिक्स की सुगमता को मापने वाली लीड्स रिपोर्ट 2024 के विमोचन और लीप्स पुरस्कार 2024 के दौरान दिया गया. केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने वर्ष 2018 में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लाजिस्टिक्स प्रदर्शन का मूल्यांकन करने के लिए लीड्स की पहल की थी. इसकी रैंकिंग तीन प्रमुख आयामों का आंकलन करती है. इसमें बुनियादी ढांचा, सेवाएं और परिचालन और नियामक वातावरण शामिल हैं.

### मास्टरप्लान विकसित किए

इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अभिषेक प्रकाश ने कहा कि सीएम योगी के नेतृत्व में प्रदेश ने एक ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य के घटक के रूप में लाजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर विकास पर महत्वपूर्ण रूप से ध्यान केंद्रित किया है. प्रदेश वेयरहाउसिंग और लाजिस्टिक्स नीति-2022 को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए राज्य में सिटी लाजिस्टिक्स मास्टरप्लान और सिटी मास्टरप्लान विकसित किए गए हैं.